पर्याप्त संख्या में अर्हता प्राप्त प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी जैसी कठिनाइयों को दूर करके अधिनियम में की गई व्यवस्था का पूरा पालन करने के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

"झाबुआ धार रोजनल रूरल बैंक के निदेशक बोर्ड में लाभार्थियों के प्रतिनिधि की नियुक्ति"

3451. श्री दिलीप सिंह भूरिया : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बैंक आफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित झाबुआ धार रोजनल रूरल बैंक के निदेशक बोर्ड में झाबुआ जिले के लाभार्थियों के किसी प्रतिनिधि को नियुक्त किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो नियुक्त किये गये व्यक्ति का नाम क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) निदेशक बोर्ड में अब तक केन्द्रीय सरकार के दो प्रतिनिधियों को नियुक्त न करने के क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या झाबुआ जिले से किसी लोक प्रतिनिधि को केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधियों के स्थान पर नियुक्त किया जा सकता है ; और

(च) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार निदेशक बोर्ड में झाबुआ के स्थान पर किसी अन्य क्षेत्र के प्रतिनिधि को नियुक्त करने का है ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) (क) से (च) : प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के निदेशक मण्डल में लाभार्थियों का प्रतिनिधि नामित करने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर भी जहां उचित व्यक्ति उपलब्ध हों/सुझाए गए हों वहां सरकार इन बैंकों के निदेशक मंडलों में से प्रत्येक निदेशक मंडल ऐसा एक गैर-सरकारी निदेशक नामित करने पर विचार करती है जिसे कृषि, लघु उद्योग या अन्य तत्संबंधी क्षेत्रों का ज्ञान हो। झाबुआ-धार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में केन्द्रीय सरकार के कोटे के तीन स्थानों में से दो पर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक (ग्रामीण योजना और ऋण विभाग) का एक-एक अधिकारी पहले से ही नामित है।

विमान चालक तथा विमान चालक दल सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए एशियाई देशों को पेशकश

3453. श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री :
श्री जगपाल सिंह :

क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विमान की मरम्मत तथा उसके अनुसरण की सुविधाओं को तथा उनके विमान चालकों तथा अन्य विमान चालक दल सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु तथा इस उद्देश्य के लिए भारत में एक आधुनिक केन्द्र स्थापित करने के लिए एशियाई देशों में कोई पेशकश की है ;

(ख) यदि हां, तो भारत में इस केन्द्र को कब तक स्थापित किया जाएगा और यह कार्य करना प्रारम्भ कर देगा ;

(ग) उन देशों के नाम क्या हैं, जिन्होंने पेशकश पर अपनी सहमति प्रकट की है तथा उन देशों के भी नाम क्या हैं, जो इससे असहमत हैं, अथवा जिन्होंने अपनी सहमति स्पष्ट रूप से प्रकट नहीं की है ; और

(घ) इस परियोजना पर कुल कितनी धनराशि व्यय होने का अनुमान है तथा प्रत्येक विदेशी सरकार द्वारा इसको कितनी वित्तीय सहायता दी जायेगी तथा इस संबंध में अन्य ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान) (क) : दो पश्चिम